




# 7 माह में 1850 वाहन चोरी, 31 चार पहिया भी हुए गायब

- लसूड़िया और विजयनगर बने चोरी के हॉटस्पॉट
- गिरोह की तफ्तीश में जुटी पुलिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में वाहन चोरी की वारदातें पुलिस के लिए लगातार सिरदर्द बनती जा रही हैं. इस साल के केवल सात महीनों में 1850 वाहन चोरी हो चुके हैं, जिनमें 31 चार पहिया गाड़ियां भी शामिल हैं. जनवरी में चोरी की संख्या सबसे कम 175 थी, जबकि अप्रैल में यह बढ़कर 394 गाड़ियों तक पहुंच गई.**

जानकारी के अनुसार चोरी की वारदातें शहर के कुछ हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अधिक हैं. लसूड़िया और विजयनगर इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित रहे, वहीं एमआईजी, कनाड़िया, खजराना और एमजी रोड से भी बड़ी संख्या में वाहन गायब हुए हैं. पश्चिम क्षेत्र में भंवरकुआं और एरोड्रम क्षेत्र भी लगातार चोरी के मामलों के लिए जाने जाते हैं. पुलिस का कहना है कि गर्मियों में देर रात तक लोग घरों से बाहर रहते हैं, इसका फायदा चोर उठाते हैं. हालांकि अब हर चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी सबूत पुलिस के पास मौजूद हैं. अधिकारियों ने कहा कि हॉटस्पॉट क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जा रही है और गिरोहों की सक्रियता पर लगातार नजर रखी जा रही है. एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह का कहना है कि पूर्वी क्षेत्र में वाहन चोरी के पीछे देवास के कंजर गिरोह और पश्चिम में धार-टांडा के गिरोह का हाथ है. हमने इस साल कई गिरोहों की पहचान कर सौ से अधिक गाड़ियां बरामद की हैं.



फाइल फोटो

**सबसे प्रभावित इलाके**

लसूड़िया, विजयनगर सबसे अधिक गाड़ियां चोरी, एमआईजी, कनाड़िया, खजराना, एमजी रोड उच्च संख्या में चोरी, पश्चिम क्षेत्र- भंवरकुआं, एरोड्रम.

**मुख्य गिरोह**-पूर्वी क्षेत्र: देवास का कंजर गिरोह पश्चिम क्षेत्र: धार-टांडा गिरोह

## 5 दिन से लापता रिक्शा चालक का शव घर के पीछे झाड़ियों में मिला



इंदौर. खजराना क्षेत्र में पांच दिन से लापता एक रिक्शा चालक का शव उसके घर के पीछे झाड़ियों में मिला. मृतक की पहचान 45 वर्षीय दीपक बुढ़ाना के रूप में हुई है, जो बीते 5 अक्टूबर से लापता था. परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. सुबह उसका शव आईडीए की मल्टी के पास झाड़ियों में मिला. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. दीपक के परिवार में पत्नी और बेटा हैं. पत्नी एक स्कूल में नौकरी करती है, जबकि बेटा निजी कंपनी में कार्यरत है. पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि दीपक वहां कैसे पहुंचा.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

## निर्माणाधीन पुलिया पर हुआ हादसा

इंदौर. अर्जुन बड़ोदा के पास निर्माणाधीन पुलिया पर देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया.

दोनों काम से लौटकर घर जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे के बाद दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां 30 वर्षीय अरविंद सुनेरिया निवासी गारीपीपल्या ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. उसका साथी राकेश चौहान अस्पताल में भर्ती है. अरविंद फैब्रिकेशन का काम करता था. उसके परिवार में पत्नी, बेटी, माता-पिता और भाई हैं.



पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि इसी पुलिया पर दो दिन पहले भी एक हादसा हुआ था, जिसमें ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हुई थी.

**एक नजर में**

## परदेशीपुरा पुलिस ने 20 से अधिक बदमाशों की पूछताछ



इंदौर. आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के 20 से ज्यादा बदमाशों से पुलिस ने पूछताछ की. यह सभी सूचीबद्ध अपराधी है. थाने की टीम ने बीट अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में 20 से अधिक गुंडों को थाने बुलाकर पूछताछ की और उनके डोसियर तैयार किए. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है, ताकि त्योहारों के दौरान कोई अपराधिक घटना न हो.

## नो एंट्री में घुसे 17 भारी वाहन पकड़े

इंदौर. शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए इंदौर पुलिस ने नो एंट्री का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती तेज कर दी है. बुधवार सुबह से गुरुवार सुबह तक की कार्रवाई में पुलिस ने 17 भारी वाहनों को नो एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करने पर पकड़ा और चालानी कार्रवाई की. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है. जिन वाहन चालकों ने प्रशासन द्वारा निर्धारित समय और नियमों का उल्लंघन किया, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई. वाहन चालकों को हिदायत दी गई है कि वे नो एंट्री और अन्य यातायात नियमों का पालन करें, अन्यथा आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.




## तीन नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित बरामद किया

इंदौर. आपरेशन मुस्कान के तहत तेजाजी नगर पुलिस ने मात्र तीन दिन में लगातार अपहरण की तीन घटनाओं में फंसी नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित ढूंढ निकालकर समाज और पुलिस की जवाबदेही का जीवंत उदाहरण पेश किया है. पुलिस आयुक्त नगरीय के निर्देशों के तहत जोन-01 के पुलिस अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त कर तेजाजी नगर पुलिस ने सक्रियता दिखाई. थाना क्षेत्र में पिछले दिनों तीन नाबालिग बालिकाओं के अपहरण की घटनाएं दर्ज की गईं थी, पुलिस ने गठित टीम के माध्यम से मामले की तुरंत जांच की और ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालिकाओं को सुरक्षित बरामद किया. .

# इंदौर एयरपोर्ट पर देर रात ट्रैफिक कंजेशन

- ईंधन कम होने पर कोलकाता से आया विमान भोपाल डायवर्ट

नव भारत न्यूज

इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर गुरुवार रात एयर ट्रैफिक कंजेशन के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. एक ही समय में पांच विमान उतरने की कतार में थे, जिससे कोलकाता से आने वाली इंडिगो फ्लाइट 6 ई-798 को उतरने के लिए इंतजार करना पड़ा. इस बीच विमान में ईंधन कम होने पर पायलट ने विमान को भोपाल डायवर्ट कर दिया. विमान में 161 यात्री सवार थे, भोपाल में ईंधन भरवाने के बाद विमान देर रात इंदौर पहुंचा और यात्रियों को लेकर रात 12.15 बजे पुणे के लिए रवाना हुआ. एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि सामान्यत: इंदौर एयरपोर्ट रात 10.30 बजे बंद हो जाता है, लेकिन स्थिति को देखते हुए इसे देर रात तक खुला रखा गया. एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, कोलकाता से इंदौर आने वाली यह फ्लाइट रात 9.20 बजे पहुंचनी थी, जबकि उस समय पहले से ही पांच विमान उतरने की लाइन में थे. एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने पायलट को छठे क्रम पर उतरने के निर्देश दिए, परंतु लगभग आधे घंटे तक इंतजार के बाद ईंधन घटने की सूचना मिली. सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विमान को भोपाल भेजा गया. एयरपोर्ट डायरेक्टर विपिनकांत सेठ ने बताया कि डायवर्ट करने का निर्णय पायलट का था. पायलट ने वापसी के लिए अतिरिक्त समय मांगा, जिसके बाद विमान को इंदौर में उतरने और आगे उड़ान भरने की अनुमति दी गई. इस दौरान इंदौर से आने-जाने वाली कई अन्य फ्लाइट्स भी देरी से चलीं, जिससे यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ी.

# क्लास की सीट को लेकर भिड़े छात्र

- मारपीट के बाद भड़का विवाद बाणगंगा थाने में पांच पर केस दर्ज

नव भारत न्यूज

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित वैष्णव इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार को छात्रों के बीच क्लास में सीट को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद मारपीट में बदल गया. घटना के बाद एक वर्ग विशेष के छात्रों पर ज्यादती का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कॉलेज और थाने पहुंच गए. देर रात बाणगंगा पुलिस ने पांच छात्रों के खिलाफ केस दर्ज किया है.

रवि चौधरी, निवासी राजौदा ने पुलिस को बताया कि वह क्लास में बैठा था, तभी छात्र शाद पटेल आया और उसकी सीट पर बैठने की बात को लेकर झगड़ा करने लगा. कुछ देर बाद उसने अपने साथियों को बुलाया और सभी ने मिलकर रवि के साथ मारपीट की. पीड़ित छात्र का कहना है कि आरोपियों ने न केवल उसके साथ मारपीट की बल्कि उसकी बाइक में तोड़फोड़ की और चाकू दिखाकर धमकाया. घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक पीयूष जादम, पिंटू शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि कॉलेज प्रशासन ने छात्रों पर कार्रवाई नहीं की तो वे कॉलेज के बाहर प्रदर्शन करेंगे. कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मामले की आंतरिक जांच जारी है. प्रारंभिक जानकारी के आधार पर आरोपियों को कॉलेज से निष्कासित करने पर विचार किया जा रहा है.



**इन छात्रों पर हुआ केस दर्ज**

रवि चौधरी की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने युवराज पुत्र लाल सिंह, अयाज पटेल निवासी सांवेर, शाद पटेल, अर्जुन पुत्र मनोहर निवासी पंचडेरिया सांवेर और अजय पुत्र गणपत सिंह के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और धमकी देने जैसी धाराओं में एफआईआर दर्ज की है.

# सागर की कुख्यात वासू-मनू गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

- अवैध वसूली की फिराक में थे आरोपी
- पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ धराए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर पुलिस ने देर रात शहर में सक्रिय होने पहुंचे सागर की कुख्यात वासू-मनू गैंग के तीन सदस्यों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार ये आरोपी इंदौर में अवैध वसूली की वारदात को अंजाम देने आए थे.**

थाना प्रभारी सुशील पटेल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस ने बाइक नम्बर एमपी 09 -पीवी-2724 पर सवार तीन युवकों को पकड़ा. आरोपियों की पहचान राघव पिता माधव जरिया निवासी सागर, ओम उर्फ किटू पिता गणेश यादव निवासी पगारिया और अनुराग उर्फ मयंक पिता हरिओम सोनी निवासी आदर्श नगर बीना के रूप में हुई. पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल, मैग्जीन और दो जिंदा कारतूस सहित एक चाकू बरामद किया है. प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे इंदौर में एक युवक से अवैध रुपए वसूलने आए थे. थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि पकड़ा गया अनुराग उर्फ मयंक सागर की मशहूर वासू-मनू गैंग का सदस्य है, जो क्षेत्र में अवैध वसूली और धमकाने की वारदातों में सक्रिय रही है. गैंग के सरगना मनू पर सिटी कोतवाली, गोपालगंज और मोतीनगर थानों में करीब 15 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि राघव पर मकरोनिया, मोतीनगर और कोतवाली थानों में चोरी, मारपीट और अवैध वसूली के करीब 22 मामले दर्ज हैं. पुलिस अब तीसरे आरोपी ओम उर्फ किटू के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटा रही है. गिरफ्तार तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है.



# ऑटो में छूटा 2 लाख रुपए से भरा बैग लौटाया

इंदौर. एमजी रोड पुलिस की सक्रियता और ऑटो चालक की ईमानदारी से राजगढ़ निवासी एक व्यापारी की मुस्कान लौट आई. राजगढ़ के घनश्याम माहेश्वरी खरीदारी के लिए इंदौर आए थे. राजवाड़ा क्षेत्र में खरीदारी करने के बाद वे लौटे तो उन्हें अहसास हुआ कि उनका बैग ऑटो में ही छूट गया है. बैग में 2 लाख रुपए नकद और जरूरी दस्तावेज रखे थे.



थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि घबराए माहेश्वरी ने तुरंत एमजी रोड थाने में शिकायत की थी. मामले को गंभीरता से लेते हुए बीट आरक्षक रोहित पाराशर को तलाश के निर्देश दिए. आरक्षक ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली और कई ऑटो चालकों से पूछताछ की. लगातार प्रयासों के बाद वही ऑटो और उसमें रखा बैग बरामद कर लिया. बैग और नकदी सही-सलामत मिलने पर फरियादी ने इंदौर पुलिस की तत्परता और ऑटो चालक की ईमानदारी की खुलकर सराहना की.




# ट्रैफिक पुलिस की हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक तैयार

## स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक नया कदम

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर की संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ट्रैफिक नियंत्रण की चुनौती से निपटने के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक अहम पहल की है. पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहली हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक तैयार की गई है, जबकि जल्द ही ऐसी 11 और बाइकें ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम से जुड़ेंगी.

इन बाइकों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया है. इनमें वायरलेस सिस्टम के जरिए कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क, बॉडी वार्म कैमरा से घटनास्थल की लाइव रिकॉर्डिंग, इमरजेंसी लाइट और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम से भीड़ नियंत्रण की सुविधा और फर्स्ट एड किट से तत्काल प्राथमिक उपचार जैसी व्यवस्था शामिल है. ये हाईटेक पेट्रोलिंग बाइकें खास तौर पर उन इलाकों में उपयोगी साबित होंगी जहां चारपहिया वाहन आसानी से नहीं पहुंच पाते जैसे तंग गलियाँ, बाजार क्षेत्र, धार्मिक आयोजन और त्यौहारों के दौरान अस्थायी ट्रैफिक रूट. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन बाइकों से रियल टाइम एक्शन लेकर ट्रैफिक फ्लो को बेहतर और तेज़ बनाया जा सकेगा. यह कदम इंदौर पुलिस की स्मार्ट और तुरंत प्रतिक्रिया प्रणाली को एक नया आयाम देगा.




# ऑपरेशन क्लीन स्वीप में दो तस्कर गिरफ्तार

## 15.84 ग्राम स्मैक जब्त

इंदौर. शहर में बढ़ते नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत तिलक नगर पुलिस ने रात दो स्मैक तस्करों को दबोचा. आरोपियों के पास से 15.84 ग्राम स्मैक और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 84 हजार रुपए आंकी गई है.

थाना प्रभारी टीआई मनीष लोधा की टीम स्कीम नंबर 140 स्थित सांची पॉइंट पर वाहन चेकिंग कर रही थी. इस दौरान बिना नंबर की काली हीरो स्प्लेंडर बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए. पुलिस को देखकर दोनों घबराकर भागने लगे, लेकिन उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया. तलाशी के दौरान पीछे बैठे युवक की पैंट की जेब से एक पारदर्शी पन्नी में पावडरनुमा पदार्थ मिला, जिसकी जांच में वह स्मैक ब्राउन शुगर निकला. 21 वर्षीय रोहन पिता राजू सरकार निवासी पिपलियाहाना तालाब की पाल तथा 21 वर्षीय आकाश पिता अशोक पाल निवासी पिपलियाहाना तालाब की पाल दोनों आरोपी स्मैक को फुटकर में अधिक दाम पर बेचकर मुनाफा कमाते थे. पुलिस अब यह जांच कर रही है कि वे यह मादक पदार्थ कहां से लाते थे और किस नेटवर्क से जुड़े हुए हैं. पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत केस दर्ज किया है.



# ड्राइवर ने किया था 15 लाख के माल का गबन

- चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रावजी बाजार पुलिस ने ट्रांसपोर्टिंग कंपनी से भेजे गए करीब 15 लाख रुपए के माल का गबन करने वाले चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मुख्य आरोपी ड्राइवर ने कुछ ही दिनों में मालिक का भरोसा जीतकर माल हड़पने की साजिश रच ली थी.**

फरियादी मनीष यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका ड्राइवर विशाल तोमर ट्रक में मानपुर के व्यापारियों का करीब 15 लाख रुपए का किराना, हार्डवेयर और खेरची का माल लेकर निकला था, लेकिन उसने धोखाधड़ी करते हुए माल का गबन कर लिया. इस पर थाना रावजी बाजार में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई. डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी, एडीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी विजय चौधरी के निर्देशन में थाना प्रभारी उमेश यादव की टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया. इनमें 32 वर्षीय विशाल उर्फ सोनू तोमर निवासी बोधगांव, जिला खरगोन, 36 वर्षीय सुनील सिंधिया निवासी बोधगांव, जिला खरगोन, 31 वर्षीय गोलू उर्फ सुनील वर्मा निवासी खंडवा, 21 वर्षीय बिट्टू गंगारे निवासी बड़वाह, जिला खरगोन, पुलिस ने आरोपियों से गबन किया लगभग पूरा माल कनाड़िया क्षेत्र से बरामद कर लिया है. शाम को पुलिस मामले में बड़ा खुलासा कर सकती है.





**समस्या** गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर हैं लोग, मच्छरों की भरमार, बीमारी फैलने का अंदेशा

# सीवरेज लाइन की समस्या से जूझ रहे राज मोहल्ला रहवासी

इंदौर. शहर में सीवरेज लाइन को लेकर बड़े-बड़े प्रोजेक्ट लाए गए, लेकिन आज भी कॉलोनियों और बस्तियों में सीवरेज लाइन की समस्या बरकरार है. लाख कोशिशों और करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद इस समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है. बार-बार सीवरेज लाइन चोक हो जाती है और चैंबर ओवर फ्लो हो जाते हैं, जिससे नागरिकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है.

यह समस्या यूं तो शहर की अनेक बस्तियों में मौजूद है, लेकिन राज मोहल्ला क्षेत्र के रहवासी सीवरेज की समस्या से बहुत पीड़ित हैं. राज मोहल्ला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 70 में के आदर्श इंदिरा नगर एवं पंचमूर्ति नगर पहुंचने पर कई छोटी और बड़ी गलियां दिखाई दी. तंग बस्ती होने के साथ इन दोनों क्षेत्रों में लंबे समय से सीवरेज की समस्या बनी हुई है. यहां के रहवासियों के अनुसार क्षेत्र में बार-बार सीवरेज लाइन चोक हो जाती है और चैंबर ओवर फ्लो हो जाते हैं. इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रहवासियों के मुताबिक, क्षेत्र में बैक लाइन की भी गंदगी सड़कों पर बहकर जमा हो जाती है. इससे गंदगी की भरमार बनी रहती है. गंदगी के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है. इससे लोग मच्छर जनित बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं. खासकर छोटे बच्चे सबसे ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं. बैक लाइन और सीवरेज लाइन की समस्या से निजात पाने के लिए क्षेत्रवासियों ने कई बार झोन अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आज तक इसका निराकरण नहीं किया गया. परिणामस्वरूप यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है.



**इनका कहना है...**



क्षेत्र में अधिकतर बैक लाइन में कचरा पड़ा रहता है. नियमित तौर से उसकी सफाई नहीं की जाती, नतीजतन बरसात होते ही सारी गंदगी सड़कों पर आ जाती है.

**- लक्ष्मी शर्मा, रहवासी**

गंदगी के अलावा असामाजिक तत्व, खासकर नशा करने वालों का भी गलियों में जमावड़ा लगा रहता है. सीवरेज लाइन और बैक लाइन की नियमित सफाई होनी चाहिए. शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नहीं देता.

**- डॉली प्रजापति, रहवासी**



गंदगी की समस्या बढ़ती जा रही हैं, इससे बीमारी भी फैल रही है. बच्चों पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है. क्षेत्र गंदा भी दिखता है. सड़कों पर फैली गंदगी से आने-जाने में लोगों को भारी दिक्कत होती है.



**- घणी बाई, रहवासी**

**जल्द ही नई लाइन डल जाएगी**-क्षेत्र के लोगों को भी जागरूकता का परिचय देना चाहिए. लोग स्वयं ही बैक लाइन में कचरा फेंकते हैं. क्षेत्र की सीवरेज लाइन पुरानी है, इसे बदलना शुरू कर दिया है. जल्द ही पूरे क्षेत्र में सीवरेज की नई लाइन डल जाएगी, जिससे समस्या खत्म हो जाएगी.



**- भरत सिंह रघुवंशी, पार्षद**